Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding immediate repair of National Highway 75 which is in dilapidated condition due to movement of heavy vehicles carrying iron ore.

श्रीमती गीता कोडा (सिंहभूम): बहुत-बहुत धन्यवाद, अध्यक्ष महोदय । बहुत लम्बे इंतजार के बाद आज मुझे बोलने का मौका मिला है ।

अध्यक्ष महोदय, मैं सदन का ध्यान झारखण्ड के एनएच 75 की ओर दिलाना चाहूंगी । यह सड़क बहुत ही महत्वपूर्ण है, जो राजधानी रांची से होते हुए बंद गांव, चक्रधरपुर, चाईबासा, जैंतगढ़ होते हुए ओडिशा को जोड़ती है । आज के समय में इसकी स्थिति इतनी दयनीय है कि यहां से पैदल आना-जाना जान हथेली पर लेकर चलने जैसा है । यह सड़क बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि हमारा वह क्षेत्र माइनिंग इलाका है, वहां से ओडिशा और सरंडा के जंगल से हजारों टन लौह अयस्क सड़क के रास्ते होते हुए जाता है । ऐसी स्थिति में इस सड़क का निर्माण होता अति आवश्यक है । सरकार ने इसे फोरलेन के रूप में टेक-अप कर लिया है, लेकिन वहां अब भी सिर्फ रिपेयरिंग वर्क हो रहा है । वहां के लोग काफी आक्रोश में हैं और आन्दोलन करने को मजबूर हैं । मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करूंगी कि इस सड़क को अविलम्ब बनाया जाए । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष: श्री कुलदीप राय शर्मा को श्रीमती गीता कोडा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।